CHRISTOPHER & DANA REEVE FOUNDATION
TODAY'S CARE. TOMORROW'S CURE.®

# खाद्य असुरक्षा

2018 में, 1.43 करोड़ अमेरिकी परिवार पर्याप्त भोजन तक सीमित या अनिश्चित पहुँच के कारण खाद्य असुरक्षित थे। कोरोनावायरस वैश्विक-महामारी के कारण, अमेरिका में 5 करोड़ से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा के शिकार हो सकते हैं। व्यक्ति और परिवार अपनी भोजन और पोषण संबंधी ज़रूरतों की भरपाई राष्ट्रीय या स्थानीय संस्थानों के ज़रिए कर सकते हैं जिनमें संघीय पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम, SNAP), स्थानीय फ़ूड बैंक, भूख राहत संगठन, और सामाजिक सेवाओं के स्थानीय विभाग शामिल हैं।




## प्र: किस प्रकार की खाद्य असुरक्षा सेवाएँ एवं सहयोग उपलब्ध हैं?

अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की कई खाद्य असुरक्षा सेवाएँ और सहयोग उपलब्ध हैं। इनमें फ़ूड पैंट्रियाँ, फ़ूड बैंक, सूप किचन, भोजन डिलीवरी कार्यक्रम, सामाजिक सेवाएँ कार्यक्रम, स्कूली कार्यक्रम

और अलाभ एजेंसियाँ या SNAP (सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम/पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम) जैसे सरकारी कार्यक्रम शामिल हो सकते हैं।

## प्र: खाद्य असुरक्षा सेवाओं के लिए पात्रता कैसे तय की जाती है?

खाद्य असुरक्षा सेवाओं के लिए पात्रता कई कारकों के आधार पर तय की जाती है जिनमें निम्नलिखित सभी या कोई भी नहीं शामिल हो सकते हैं: परिवार का आकार, परिजनों या व्यक्तियों की आयु, वर्तमान वित्तीय स्थिति, कार्यक्रम नामांकन, अशक्तताओं की मौजूदगी या निवास क्षेत्र। हर खाद्य असुरक्षा कार्यक्रम की अपनी ख़ुद की पात्रता आवश्यकताएँ होती हैं।

## प्र: पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम, SNAP) क्या है?

पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम, SNAP) संघीय सरकार का सबसे बड़ा पोषण सहायता कार्यक्रम है। SNAP पात्र कम-आय व्यक्तियों और परिवारों को एक इलेक्ट्रॉनिक बेनेफ़िट्स ट्रांसफ़र कार्ड के ज़रिए लाभ प्रदान करता है। यह कार्ड अधिकृत फुटकर खाद्य दुकानों में पात्र भोज्य पदार्थ खरीदने के लिए डेबिट कार्ड के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

इस लाभ कार्यक्रम हेतु पात्र होने के लिए, आवेदकों का आवेदन वाले राज्य में निवासी होना और कुछ बैंक शेष सीमाओं को संतुष्ट करना आवश्यक है। किसी बुज़ुर्ग (60 वर्ष से अधिक आयु) या अशक्त परिजन वाले परिवार की बैंक शेष सीमा थोड़ी ऊँची हो सकती है।

पात्रता आवश्यकताओं और लाभों की गणना के तरीक़े के बारे में और जानने के लिए SNAP के पात्रता पृष्ठ पर जाएँ जो https://www.fns.usda.gov/snap/recipient/eligibility पर उपलब्ध है।

## प्र: मैं मेरी सामाजिक सेवा एजेंसी कैसे ढूँढ सकता/ती हूँ?

आप https://www.usa.gov/state-social-services पर उपलब्ध राज्य सामाजिक सेवाएँ एजेंसियाँ (स्टेट सोशल सर्विसेज़ एजेंसीज़) खोज टूल का उपयोग करके स्थानीय एजेंसियों की लिस्टिंग ढूँढ सकते हैं या जानकारी के लिए अपनी राज्य सामाजिक सेवाएँ एजेंसी (स्टेट सोशल सर्विसेज़ एजेंसी) से संपर्क कर सकते हैं।

## प्र: मैं मेरे समीप का फ़ूड बैंक, फ़ूड पैंट्री या सूप किचन कैसे ढूँढ सकता/ती हूँ?

आप इंटरनेट पर खोज करके या स्थानीय जानकारी फोन लाइनों को कॉल करके स्थानीय सामाजिक

सेवा एजेंसियों, अलाभ संगठनों और धार्मिक संगठनों से संपर्क करने के द्वारा अपने समीप के फ़ूड बैंकों या फ़ूड पैंट्रियों के बारे में जानकारी ढूँढ सकते हैं। आप अपने शहर के नगरपालिका कार्यालय को फोन करके शुरुआत कर सकते हैं। यदि उनके पास फ़ूड पैंट्री नहीं है, तो शायद वे आपको किसी स्थानीय फ़ूड बैंक के पास भेज दें्ंगे। Food Pantries.org https://www.foodpantries.org/ पर जाएँ, वहाँ स्थानीय फ़ूड पैंट्रियों के विवरण उपलब्ध हैं, और 211 पर कॉल करके देखें, वे स्थानीय फ़ूड पैंट्रियों को ढूँढने में मदद कर सकते हैं। कुछ समुदायों ने निःशुल्क फ़ूड पैंट्रियाँ स्थापित की हैं जहाँ जाकर आप बिना कोई आवेदन फ़ॉर्म भरे अपनी ज़रूरत का सामान ले सकते हैं।

## प्र: क्या ऐसी खाद्य असुरक्षा सेवाएँ मौजूद हैं जो ऐसे व्यक्तियों तक भोजन पहुँचाती हैं जो अपनी आयु या किसी अशक्तता के कारण घर से निकलने या अपना ख़ुद का भोजन तैयार करने में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं?

हाँ। कई क्षेत्रों में ऐसी खाद्य असुरक्षा सेवाएँ हैं जो भोजन पहुँचा सकती हैं। वे स्थानीय अलाभ संगठनों या सामाजिक सेवाएँ एजेंसियों या राष्ट्रीय संगठनों के ज़रिए उपलब्ध हो सकती हैं जिनके पास मील्स ऑन व्हील्स जैसे राष्ट्रीय प्रदाता होते हैं। आप https://www.mealsonwheelsamerica.org/find-meals पर जाकर देख सकते हैं कि आपके समीप कोई मील्स ऑन व्हील्स प्रदाता है या नहीं।

## प्र: क्या बच्चों के लिए भोजन सेवाएँ उपलब्ध हैं?

हाँ। कम आय वाले परिवारों को अपने बच्चे के स्कूल या स्कूल डिस्ट्रिक्ट के ज़रिए अमेरिकी कृषि विभाग (यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ एग्रिकल्चर) की खाद्य एवं पोषण सेवा (फ़ूड एंड न्यूट्रीशन सर्विस) के उन दो राष्ट्रीय कार्यक्रमों हेतु आवेदन करना चाहिए जो स्कूल में निःशुल्क या घटी-क़ीमत पर भोजन प्रदान करते हैं। एक कार्यक्रम का नाम **नेशनल स्कूल लंच प्रोग्राम** (https://www.fns.usda.gov/nslp) है और दूसरे का **स्कूल ब्रेकफ़ास्ट प्रोग्राम** (https://www.fns.usda.gov/sbp/school-breakfast-program) । आप (https://www.fns.usda.gov/contacts/contact-map?f%5B0%5D=program%3A39) पर उपलब्ध FNS खोजी पर जाकर अपने राज्य की एजेंसी की वेबसाइट खोजकर इन कार्यक्रमों और आपके राज्य में उपलब्ध अन्य कार्यक्रमों के बारे में और जान सकते हैं।

यूनिवर्सिटियाँ अपने विद्यार्थियों की खाद्य असुरक्षा की समस्या के समाधान की दिशा में कार्य करना शुरू कर रही हैं। अपने विद्यार्थी सेवाएँ कार्यालय से संपर्क करके पूछें कि क्या उनके पास इससे संबंधित सहायता या कार्यक्रम हैं।

स्रोत: https://www.feedingamerica.org/, https://www.feedingamerica.org/hunger-in-america, https://www.mealsonwheelsamerica.org/

**किसी से बात करनी है?**

हमारे जानकारी विशेषज्ञ आपके प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपलब्ध हैं।

सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से रात 8 बजे (पूर्वी समयानुसार) तक टोल फ़्री नंबर 1-800-539-7309 पर कॉल करें। या https://www.christopherreeve.org/hi/get-support/ask-us-anything/form पर कॉल निर्धारित करें अथवा ऑनलाइन प्रश्न पूछें।

इस संदेश में निहित जानकारी आपको पक्षाघात और उसके प्रभावों के बारे में शिक्षित करने व सुविज्ञ बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुत की गई है। इस संदेश में निहित किसी भी चीज़ का अर्थ चिकित्सीय निदान या उपचार के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए और न ही वह इसके लिए प्रयोग करने हेतु उद्दिष्ट है। इसका उपयोग आपके चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता की सलाह के स्थान पर नहीं किया जाना चाहिए। यदि आपको स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कोई प्रश्न पूछना हो तो कृपया शीघ्रता से अपने चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को फोन करें या उनसे मिलें। कोई भी नया उपचार, आहार या तंदुरुस्ती कार्यक्रम आरंभ करने से पहले हमेशा अपने चिकित्सक या अन्य किसी योग्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से परामर्श करें। आपको कभी-भी इस संदेश में पढ़ी गई किसी चीज़ के कारण चिकित्सीय सलाह की अवहेलना नहीं करनी चाहिए अथवा उसे प्राप्त करने में विलंब नहीं करना चाहिए।

इस प्रकाशन को कुल $87,00,000 मूल्य के वित्तीय सहायता अनुदान के रूप में सामुदायिक जीवन-यापन प्रशासन (एडमिनिस्ट्रेशन फ़ॉर कम्युनिटी लिविंग, ACL), अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवाएँ विभाग (यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज़, HHS) की ओर से सहायता मिलती है जिसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण ACL/HHS द्वारा किया जाता है। विषय-वस्तुएँ रचियता(ओं) द्वारा रचित हैं और आवश्यक नहीं कि वे ACL/HHS, या अमेरिकी सरकार के आधिकारिक विचारों को या उनके द्वारा विषय-वस्तुओं के समर्थन को